हिन्दी साान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live

वर्ष : 01 अंक–191 : जौनपुर, शनिवार 01 अप्रैल 2023 साान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## अन्नदाता के हितों का संरक्षण करना हमारी प्राथमिकता –सीएम योगी

लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में विगत दिनों प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि से उपजी स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। प्रदेश की अद्यतन स्थिति के संबंध में राजस्व विभाग के एक प्रस्तुतिकरण का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अन्नदाता किसानों का हित सुरक्षित रखना सरकार की प्राथमिकता है। विगत मार्च माह में प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि के कारण किसान और कृषि उपज पर दुष्प्रभाव पड़ा है। विगत 24 घंटों में भी प्रदेश के नौ जनपदों में ओलावृष्टि की सूचना है। संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार किसानों के साथ खड़ी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थिति अगले दो–तीन दिन और रहने की संभावना है। इसके लिए सभी आवश्यक सतर्कता प्रबंध किए जाएं। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा असमय बरसात, ओलावृष्टि के कारण जिस भी किसान की फसल प्रभावित हो, उसका आकलन कर नियमानुसार क्षतिपूर्ति राशि उपलब्ध कराने में देर न हो। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि मौसम पूर्वानुमान के बारे में किसानों को समय से जानकारी उपलब्ध कराई जाए। मौसम विज्ञानियों की चेतावनियों के बारे में सुदूर गांव तक किसान को टीवी, अखबार व स्थानीय प्रशासन के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराएं। यह पूर्वानुमान 24–48 घंटे का हो। ऐसी स्थिति में जबकि लोग अलर्ट होंगे तो क्षति भी कम होगी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण यदि किसी भी प्रदेशवासी की दुःखद मृत्यु होती है, मानव–वन्य जीव संघर्ष से कोई घायल होता है तो



बिना विलंब किए, तत्काल पीड़ित परिवार से संपर्क किया जाए। राहत आयुक्त स्तर से आपदा राहत कोष में पीड़ित परिवार को तुरंत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। बरसात, तेज हवा, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक कारणों से गेहूं आदि की फसल खराब हो सकती है। जो फसल पैदा हो रही है, उसकी गुणवत्ता पर भी बुरा असर पड़ने की आशंका है। ऐसी फसल को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत खरीद की जानी चाहिए। इसके लिए आवश्यकतानुसार नियम शिथिल किए जाने के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि गेहूं की फसल के संभावित नुकसान के कारण इस वर्ष भूसे की कमी हो सकती है। ऐसे में पशुपालन विभाग द्वारा समय से गोवंश चारे की व्यवस्था कर ली जाए।

## जूता फैक्टरी में लगी भीषण आग : फंसे हुए चार लोगों को निकाला गया

आगरा ब्यूरो : आगरा के थाना मंटोला के टीला नंदराम इलाके में शनिवार दोपहर को जूता फैक्टरी में भीषण आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल आग को काबू करने के प्रयास में लगी हुई है। फैक्टरी में 4 लोग फंस गए थे। उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बताया गया है कि अनवर ने अपनी जगह को जुगनू को किराए पर दिया हुआ है। जुगनू सोल पर कलर करने का काम करता है। इसमें केमिकल के ड्रम भी रखे हुए थे। दोपहर में अचानक आग लग गई। इस पर फैक्टरी में काम कर रहे लोग भाग खड़े हुए। इलाके घनी आबादी में है। इस पर अफरा–तफरी मच गई। सूचना पर थाना मंटोला पुलिस पहुंची। बाद में दमकल आ गई। आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। फैक्टरी के पीछे एक घर में चार लोग फंस गए थे। उनको सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। कतरन और केमिकल होने की वजह से आग बुझाने में दिक्कत हो रही है। पुलिस का कहना है कि शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। आग बुझने के बाद इसका कारण पता किया जाएगा।

## 2 अप्रैल को वेलसन मेडिसिटी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन करेंगी राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

मृत्युंजय प्रताप सिंह की रिपोर्ट लखनऊ : उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल लखनऊ में 2 अप्रैल को प्रमुख स्वास्थ्य सेवा प्रदाता वेलसन मेडिसिटी के 200 बिस्तरों वाले मल्टी–सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन करेंगी। लखनऊ में वृंदावन योजना के तहत अमर शहीद पथ पर स्थित, वेलसन मेडिसिटी का निर्माण इस शहर के लोगों के साथ–साथ लखनऊ–कानपुर राजमार्ग और राज्य भर के अन्य शहरों के आसपास बसे लोगों को भी विश्व स्तरीय सुविधाएं और गंभीर बीमारियों के दौरान आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। अस्पताल में पांच मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, अत्याधुनिक कैथ लैब, एक गहन देखभाल इकाई यानि आईसीयू, मरीजों के लिए निजी कमरे, एक ब्लड बैंक, वेंटिलेटर और डायलिसिस की सुविधाओं के साथ–साथ अस्पताल में ही पैथोलॉजी लैब भी है। साथ ही 60 बिस्तरों वाले आईसीयू के साथ साथ नियो–नेटल इंटेंसिव केयर यूनिट (एनआईसीयू) भी है जहां नवजात बच्चों जन्म के तुरंत बाद होने वाली गंभीर समस्याओं का इलाज किया जाएगा और उनके पूरी तरह स्वस्थ होने तक देखभाल भी की जाएगी। अस्पताल में कार्डियोलॉजी और कार्डियक सर्जरी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और गैस्ट्रो–सर्जरी, न्यूरोलॉजी और न्यूरोसर्जरी, नेफ्रोलॉजी और यूरोलॉजी जैसे सुपर स्पेशलाइज्ड विभाग भी मौजूद हैं जो इन गंभीर बीमारियों से जुड़े इलाज मुहैया करेंगे। वेलसन मेडिसिटी सुपर–स्पेशियलिटी अस्पताल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. शैलेश त्रिपाठी ने कहा, जहां अधिकांश सुपर–स्पेशियलिटी अस्पताल प्रमुख शहरों में हैं, वहीं छोटे शहरों में ट्रॉमा जैसे गंभीर मामले में विशेष और गुणवत्तापूर्ण उपचार की आवश्यकता



वाले लोगों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। वेलसन मेडिसिटी टियर 2 और टियर 3 शहरों में अपनी सेवाओं का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित करके इस अंतर को भरने का प्रयास करेगा। हमारी सेवाएं खास तौर पर उन इलाकों में अपनी पहुंच स्थापित करेगी जहां शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोग डॉक्टरों और सहायक कर्मचारियों की एक निपुण टीम द्वारा गुणवत्तापूर्ण देखभाल के लिए हमारे पास आ सकते हैं।" "इस अस्पताल में सुपर–स्पेशियलिटी डॉक्टर हैं, जिनके पास पुरानी बीमारियों को ठीक करने के लिए सबसे उन्नत तकनीकों का उपयोग करके अति उत्तम स्तर की रोगी देखभाल सेवाऐं प्रदान करने का वर्षों का अनुभव है।" वेलसन मेडिसिटी सुपर–स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निदेशक श्री अखिलेश त्रिपाठी ने कहा, "आने वाले समय में, वेलसन मेडिसिटी किडनी और लिवर ट्रांसप्लांट, जॉइंट रिप्लेसमेंट और अन्य रोबोटिक सर्जरी के साथ–साथ खेल में आई चोटों और कैंसर जैसी बीमारी के उपचार के लिए भी सेवाएं शुरू करेगा।" वेलसन मेडिसिटी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री शैलेश त्रिपाठी ने कहा, "वेलसन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और उत्तर प्रदेश के निवासियों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के दृष्टिकोण के साथ हमने हाल ही में स्मिथ किंग इंडिया के साथ मिलकर काम करने का भी फैसला किया है।"

## सभी शिक्षक माध्यमिक शिक्षा के नायक है –डॉ धर्मेंद्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य डॉ0 राकेश सिंह के मार्गदर्शन में छः दिवसीय राजकीय माध्यमिक विद्यालय में नवनियुक्त सहायक अध्यापक/प्रवक्ताओं के उन्मुखीकरण कार्यशाला का समापन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, के आडिटोरियम हाल में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 धर्मेंद्र सिंह (जिला विद्यालय निरीक्षक, जौनपुर) एव डायट प्राचार्य डॉ राकेश सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं चित्र के सामने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। कार्यक्रम में सरस्वती की वंदना का गायन डॉक्टर अश्वनी पांडे प्रवक्ता ने किया। तत्पश्चात प्रशिक्षुओं (निधि सिंह, विनोद यादव, श्वेता सिंह )भाषण एवं गायन के माध्यम से अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। डाइट प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ आर. एन. यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप लोगों को दिया गया प्रशिक्षण निश्चय ही लाभदायक सिद्ध होगा तत्पश्चात डाइट के वरिष्ठ प्रवक्ता मनीष कुमार सिंह जी ने अपने उद्बोधन में बताया कि आपकी सकारात्मक सोच ही आप को सफल बना सकती है जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ धर्मेंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा आप सभी शिक्षक माध्यमिक शिक्षा के नायक है आपके मार्गदर्शन में माध्यमिक शिक्षा नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी और यह हम सभी का सौभाग्य है की यह प्रशिक्षण डायट में हो रहा है जहां पर ऊर्जावान प्रवक्ता आप को प्रशिक्षण दे रहे हैं उप शिक्षा निदेशक डॉ राकेश सिंह ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षुओं को आशीर्वचन प्रदान करते हुए बताया कि जीवन में समय का



बहुत बड़ा महत्व है आपको हर एक पल को सहयोग करके हर एक पल को आप कैसे खूबसूरत बना सकते हैं इस बारे में सोचना होगा क्योंकि माध्यमिक शिक्षा में आप सहायक अध्यापक के पद पर कार्य कर रहे हैं तो आपके ऊपर एक बड़ी जिम्मेदारी है आपको अपनी जिम्मेदारियों को समझना होगा इस अवसर पर डाइट के सभी प्रवक्तागण डॉक्टर सोनू भारती नवीन कुमार सिंह अश्विनी कुमार पांडे धर्मेंद्र कुमार शर्मा अमित यादव वरुण कुमार यादव अखिलेश कुमार मौर्य विनय कुमार यादव शैलेश कुमार गुप्ता एवं एसआरजी डॉक्टर अखिलेश कुमार यादव साथ ही साथ हुमाना के डॉक्टर चंद्रशेखर एवं ब्रजबन्धु ने सहयोग प्रदान किया मंच संचालन नीरज मणि तिवारी ने किया।

## जहॉ नारकोटिक्स पदार्थो की बिक्री की सम्भावना हो वहॉ पर जागरूकता कार्यक्रम का किया जाय आयोजन –जिलाधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में शुक्रवार को देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में एंटी नारकोटिक्स टाक्सफोर्स के संबंध में जनपद स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला मजिस्ट्रेट ने मादक पदार्थो के अपराधों पर प्रवर्तन कार्यवाही एवं उसके सेवन के दुष्प्रभावाओं से आम जनमानस विशेषकर युवा पीढ़ी को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर जहॉ नारकोटिक्स पदार्थो की बिक्री की सम्भावना हो वहॉ पर जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन किया जाय। ड्राइवरों, छोटे दुकानदारों एवं रेस्टोरेन्टों को इस आशय का निर्देश दिया जाय कि वह किसी भी दशा में मादक पदार्थो का सेवन न करें तथा इस आशय का यथावश्यक स्थान पर बोर्ड भी लगाया जाय। मेडिकल स्टोर एवं भांग की अनुज्ञापित दुकानों पर सतत निगरानी रखी जाए जिससे वहां पर प्रतिबंधित दवाओं वस्तुओं की बिक्री कदापि ना होने पाए किसी भी प्रकार



के उल्लंघन के मामलों में संबंधित दुकानों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु भी विचार–विमर्श किया गया। भांग की अनुज्ञापित दुकानों पर सतत् निगरानी रखी जाय तथा उल्लघंन के मामलों मे कार्यवाही करने हेतु विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई सीलम तेजा, जिला आबकारी अधिकारी, उप जिलाधिकारीगण सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## टीवी रोगियों को पोषाहार एवं वोकेशनल सर्टिफिकेट वितरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा संस्था मुख्यालय पर गोद लिए गए क्षय रोगियों के लिए पोषाहार वितरण एवं वोकेसनल सर्टिफिकेट वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था प्रमुख डॉ. अंजू सिंह ने बताया प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जन भागीदारी निभाते हुए जनपद में सर्वप्रथम निश्चय मित्र के रूप में पंजीकृत होकर संस्था ने अब तक 300 से अधिक क्षय रोगियों को गोद लेकर उन्हें नियमित रूप से पोषाहार वितरण एवं फॉलो अप किया है, वैसे तो संस्था द्वारा 2004 से ही अब तक क्षय रोग नियंत्रण (अब उन्मूलन) कार्यक्रम के तहत करीब चार हजार रोगी क्षय मुक्त हो चुके हैं। अभी भी टी.बी. संभावित मरीजों की बलगम जांच एडिशनल पी एचसी और सी एचसी पर करवा कर उनकी दवा शुरू करा कर हर संभव मदद का प्रयास करती है, संस्था टीवी मरीजों को न्यूट्रीशनल सपोर्ट के साथ–साथ वोकेशनल सपोर्ट भी प्रदान करते हुए किशोरियों और महिलाओं को सिलाई कढ़ाई ब्यूटीशियन कंप्यूटर आदि की ट्रेनिंग देकर उन्हें स्वावलंबी बनने में मदद कर रही है। डॉक्टर अभिषेक वर्मा ने कहा यह खुशी की बात है टी.बी. उन्मूलन की दिशा में जनभागीदारी बढ़ रही है।




हाल ही में "वन वर्ल्ड टीवी समिट" का उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा वाराणसी में किया गया है इसमें उन्होंने टीवी मुक्त पंचायत पहल, एक संक्षिप्त टीवी निवारक उपचार (पीपीटी) का आधिकारिक रूप से शुभारंभ एवं टीवी के लिए परिवार केंद्रित देखभाल मॉडल भी लॉन्च किए है।इस अवसर पर सी.एल. निगम, सी.एच.सी. बदलापुर के एस.टी.एस. तरुण कुमार, अजय तिवारी, श्रीमती शीला दुबे, कबूतरा देवी, लालमणि मिश्रा, प्रीति बरनवाल, रोहित बरनवाल, मंजू सिंह, अंकिता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सत्यजीत मौर्य ने किया।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला टी.बी चिकित्सालय जौनपुर परिसर से सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह, द्वारा संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान अप्रैल 2023 का उद्घाटन जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया। जनपद में संचारी रोग अभियान 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 तक चलाया जाएगा। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त पंचायती राज विभाग, स्वच्छ भारत मिशन,



नगर विकास विभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, दिव्यांग कल्याण विभाग, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, सूचना विभाग अपने निर्धारित कार्य एवं दायित्व के अनुसार कार्य योजना बनाकर कार्यवाही कराएंगे। संचारी अभियान का मुख्य उद्देश्य अंतर विभागीय सहयोग द्वारा वेक्टर जनित एवं संक्रामक बीमारियों पर नियंत्रण हेतु निरोधात्मक कार्यवाही जैसे साफ सफाई झाड़ी की कटाई एंटी लावा छिड़काव एवं जन जागरुकता कराया जाना है। दस्तक अभियान 17 अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 तक चलाया जाएगा। जिसमें स्वास्थ्य विभाग से आशा तथा बाल विकास विभाग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा कार्य योजना के आधार पर घर घर जाकर वेक्टर जनित बीमारियों के प्रति लोगों को जागरुक किया जाएगा तथा बुखार के रोगियों का चिन्हीकरण, सर्दी जुकाम लक्षण युक्त व्यक्तियों क्षय रोग से ग्रसित व्यक्तियों, कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण कर आवश्यक कार्यवाही किया जाएगा। अत्याधिक मच्छर घनत्व वाले घरों का चिन्हीकरण कर अंतर विभागीय सहयोग द्वारा मच्छर रोधी गतिविधिया संपन्न कराई जाएंगी ताकि बीमारी के आगामी सीजन में किसी भी तरह के वेक्टर जनित बीमारी के प्रसार को रोका जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी जौनपुर ने आम–जनमानस अपील किया है की संचारी अभियान में अपना सहयोग दे कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी जौनपुर डॉ लक्ष्मी सिंह, एवं समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रतिरक्षीकरण अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी जिला कुष्ठ अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी तथा बाल विकास विभाग, नगर पालिका जौनपुर, डी०एम०सी० यूनीसेफ, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन०एच०एम० सहित अन्य विभागों ने प्रतिभाग किया।

## जनपद में 01 अप्रैल से 15 जून 2023 तक होगी गेंहूँ की खरीद

जौनपुर सू.वि. : जिला खाद्य विपणन अधिकारी, नृपन्जय कुमार पाठक ने विपणन वर्ष 2023–24 के अन्तर्गत मूल्य समर्थन योजना के तहत् सभी किसान भाईयों को अवगत कराया है कि इस वर्ष जनपद में गेंहूँ की खरीद 01 अप्रैल, 2023 से 15 जून, 2023 तक समर्थन मूल्य रू0–2125 प्रति कुं0 की दर निर्धारित है। किसान भाई अपना पंजीयन विभागीय ूबि.नच.हवअ.पद पर करायें। कृषक भाई अपना नवीन पंजीयन (खाता नं0 अंकित, खतौनी/पहचान प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं खसरा के आधार पर) कृषक स्वयं अपनी खतौनी में खाता संख्या पंजीयन में दर्ज कर अपने कुल रकबे एवं बोये गये गेंहूँ के रकबे को अंकित करें। संयुक्त भूमि की दशा में अपनी हिस्सेदारी की सही घोषणा पंजीयन में करें। पंजीकरण हेतु वर्तमान मोबाइल नम्बर ही अंकित कराये, एस0एम0एस0 द्वारा प्रेषित ओ0टी0पी0 भरकर पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करें। बिक्री के समय क्रय केन्द्रों पर किसान के स्वयं उपस्थित न होने पर पंजीकरण प्रपत्र में परिवार के नामित सदस्य का विवरण एवं आधार नम्बर फीड कराना अनिवार्य होगा। गेंहूँ विक्रय के उपरान्त केन्द्र प्रभारी से ई–पॉप मशीन से जारी पावती रसीद अवश्य प्राप्त करें। गेंहूँ के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम0एस0पी0) का भुगतान आधार से लिंक बैंक खाते में ही किया जायेगा। जनपद में आलोच्य वर्ष गेंहूँ खरीद हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा 04 क्रय संस्थाओं के माध्यम से 125 क्रय केन्द्र अनुमोदित/संचालित कराये गये है, जो क्रियाशील है। यह पंजीयन कृषक स्वयं, जनसूचना केन्द्र, इण्टरनेट कैफे के माध्यम से करायेंगे। पंजीकरण कराये जाने के उपरान्त किसान भाई अपना गेंहूँ मानक के अनुरूप अपने नजदीकी क्रय केन्द्र पर विक्रय हेतु नियत तिथि पर लायें। शासन के निर्देश के क्रम में समस्त क्रय केन्द्रों का निरीक्षण भी कराया जा रहा है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अच्छी बात की चर्चा हर जगह करो, बुरी बात को समा लो।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# एक यात्रा मुरैना की जहां मौजूद हैं 27 दार्शनिक स्थल

कोई कहता है कि भगवान कृष्ण अपनी गय्या चराते हुए इस ओर दूर निकल आते थे और यहां से मुड़ कर गोकुल जाते थे। जिस स्थान से वह मुड़ते थे कालांतर में उस स्थान का नाम मुरैना पड़ा।

मध्य प्रदेश का एक ऐसा स्थान जो ज्यादातर जाना जाता रहा है चम्बल के बीहड़ों के लिए। इन बीहड़ों में कभी बागी हुआ करते थे। अगर मैं आपसे कहूं कि इस बार मैं आपको लेकर जाना चाहती हूं मुरैना, तो हैरान न होइएगा। डरने की जरूरत नहीं है। विश्वास कीजिए आपको कुछ नया और अनोखा दिखाउंगी। चम्बल के बीहड़ों की कहानी मात्र 3 से चार दशक पुरानी है, लेकिन इस स्थान का इतिहास सदियों पुराना है। क्या आप विश्वास करेंगे कि मुरैना में एक नहीं दो नहीं बल्कि पूरे के पूरे 27 दार्शनिक स्थल मौजूद हैं। इस स्थान का इतिहास सतयुग, द्वापर से लेकर प्रागैतिहासिक काल तक जाता है।

इन स्थलों के बारे में कम ही लोग जानते हैं। मैंने भी जब तक मुरैना को एक्सप्लोर नहीं किया था तब तक मुझे भी पता कहां था। मेरे लिए भी मुरैना दस्युओं का क्षेत्र मात्र था। तो चलिए रोमांच से भरे इस सफर पर मेरे साथ। मुरैना मध्य प्रदेश के शीर्ष के जैसा है, जिसकी सरहदें राजस्थान और उत्तर प्रदेश से मिलती हैं। इसका नाम भी कई कारणों से पड़ा।

मुरैना नाम पड़ने के पीछे ये हैं कारण

कोई कहता है कि भगवान कृष्ण अपनी गय्या चराते हुए इस ओर दूर निकल आते थे और यहां से मुड़ कर गोकुल जाते थे। जिस स्थान से वह मुड़ते थे कालांतर में उस स्थान का नाम मुरैना पड़ा। कोई कहता है कि यहां बहुत घना वन हुआ करता था। उस वन में बड़ी संख्या में मोर हुआ करते थे। इस वन को मयूरवन कहा जाता था। मयूरवन का अपभ्रंश रूप ही मुरैना है।

मुरैना शहर में जैन मंदिरों से लेकर शिव, माता और शनि मंदिर मौजूद हैं जिनकी बड़ी मान्यता है। यहां एक अनोखा शिव मंदिर है जिसे आलोपी शंकर मंदिर कहा जाता है। इस मंदिर में एक जलरी में दो शिवलिंग मौजूद हैं। ऐसा मंदिर आपने भारत में कहीं और नहीं देखा होगा। शिवरात्रि में पहाड़ी पर बने इस मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहता है। यहां ईश्वरा महादेव का रहस्मयी मंदिर पहाड़गढ़ के जंगलों में मोजूद है। इस मंदिर पर सुबह ब्रम्ह महूरत में कोई अद्रश्य शक्ति बेलपत्र, हल्दी ,चावल चढ़ा पूजा कर जाती है। सदियां बीत गई लेकिन आज तक कोई इस रहस्य का पता नहीं लगा पाया है।

यहां एक शनि मंदिर है। इस मंदिर की कहानी बड़ी दिलचस्प है। कहते हैं इस मंदिर में शनि भगवान की जो मूर्ति है वह भगवान राम के समय की है। लंका दहन के समय हनुमान जी ने ही शनि भगवान को लंका से यहां फेंका था।

चम्बल के जंगल अपने भीतर छुपाए हैं अनेक अद्‌भुत नगीने। यहां पहाड़गढ़ क्षेत्र में लिखी छाज नमक स्थान पर पहाड़ की घाटी में प्रागैतिहासिक काल के भित्तीय चित्र मिलते हैं। इन चित्रों का समय भीमबेटका का समकालीन माना जाता है।

ये दो किले हैं प्रसिद्ध

मुरैना जिले में दो किले भी देखने लायक हैं। एक पहाड़गढ़ दूसरा सबलगढ़। पहाड़गढ़ का किला राव दलकूदेवजी के पौत्र राव दानसिंह जी ने सन 1446 ईस्वीं में बनवाया था। सबलगढ़ का किला 18वीं शताब्दी में सबला गुर्जर ने बनवाना शुरू किया था। इसे पूरा राजा गोपाल सिंह ने कराया था।

इस सब के अलावा मुरैना में 8वीं शताब्दी का ककनमठ मौजूद है। इस अद्‌भुत संरचना को देख कोई भी दांतों तले ऊंगली दबा ले। इस मठ की ऊंचाई लगभग 100 फीट है। यहां के लोगों के अनुसार आकाशीय बिजली गिरने से मठ के शिखर के बाहरी हिस्से छतिग्रस्त हो गए थे। आज मठ का शिखर बिना किसी सीमेंट के खड़ा है। इसके पत्थर एक के ऊपर एक बस रखे भर जान पड़ते हैं। इस मठ के भीतर शिवलिंग है, जिसके दर्शन करने लोग आते हैं। यह एक संरक्षित इमारत है। मठ के प्रांगण में मठ के टूटे हुए हिस्से रखे हुए हैं।

मुरैना शहर से 28 किमी दूर स्थित है बटेश्वर के शिव मंदिर। ये अद्‌भुत संरचनाएं 14वीं शताब्दी में आए भूकंप से जमीदोज हो गईं थीं। इन मंदिरों को फिर से स्थापित करने का श्रेय जाता है भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को। जिन्होंने बड़ी मशक्कत कर पत्थरों के टुकड़ों को जोड़ कर इन शिवालयों को पुनः खड़ा किया है।

सबसे बारीक मूर्तिकला

यहीं मात्र 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है पडावली गांव। इस ग्राम में मौजूद है गढ़ी पडावली। दसवीं शताब्दी में इस मंदिर को कच्छपघाट राजाओं ने बनवाया था। इस मंदिर की स्थापत्यकला अनोखी है। भारत में जितने भी ऐसे मंदिर हैं जैसे, जोधपुर के पास ओसिया का मंदिर, खजुराहो के मंदिर, ओडिशा में कोणार्क का सूर्य मंदिर। इन सब में अगर सबसे बारीक मूर्तिकला कहीं देखने को मिलती है तो वह पड़ावली के इस छोटे से शिव मंदिर में।

पड़ावली से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है मितावली। इस छोटे से ग्राम में पहाड़ की चोटी पर स्थित है चौंसठ योगिनी मंदिर। ये अद्‌भुत संरचना प्रेरक है उस आर्किटेक्ट के लिए जिसने हमारे संसद भवन का निर्माण किया। इस गोल संरचना के भीतर 64 मंदिर हैं जिनमें कभी चौंसठ योगनियां पूजा किया करती थीं।

मुरैना में वाइल्ड लाइफ

मुरैना जिले में वाइल्ड लाइफ भी मौजूद है। यहां देश का सबसे अनोखा अभयारण्य पड़ता है। यह अभयारण्य 5,400 वर्ग किमी के विशाल क्षेत्र में फैला हुआ है। मुरैना जिले में राष्ट्रीय चम्बल घड़ियाल वन्यजीव अभयारण्य का एक बड़ा हिस्सा मौजूद है। इस अनोखे अभयारण्य की सीमा तीन राज्यों को छूती है। यह देश का एक संरक्षित क्षेत्र है, जो गंभीर रूप से विलुप्तप्राय घड़ियाल, लालमुकुट कछुआ और विलुप्तप्राय गंगा डॉल्फिन की रक्षा के लिए बनाया गया है।

इस अभयारण्य को जीव जंतुओं के लिए अनुकूल बनाती है मध्य प्रदेश की सदानिरी नदी चम्बल। चम्बल देश की एक मात्र नदी है जिसमें मृदा का अपरदन होता है और हर साल मानसून में नदी अपने औसत बहाव से कई गुना ऊंचे स्तर तक बहती है। जिसके परिणाम स्वरुप बाढ़ के हालात बनते हैं। जब पानी उतरता है तो अपने साथ मिटटी भी बहा ले जाता है जिसके चलते भूमि में बड़े गड्ढे और नालियां बन जाती हैं। नदी के नजदीक बने इस क्षेत्र में जलीय जीव जंतु, और पक्षी अपना घर बनाते हैं।

चम्बल नदी ही एक ऐसी नदी है जहां घड़ियाल पाए जाते हैं। इसीलिए इस क्षेत्र को संरक्षित घोषित किया गया है। यहां अप्रवासी पक्षी भी बड़ी संख्या में आते हैं। घड़ियालों को संरक्षित करने के लिए एक इको सेंटर भी बनाया गया है। इस सेंटर में घड़ियालों की ब्रीडिंग और बच्चों का रखरखाव पुनर्वास तक किया जाता है। सर्दियों में यहां बर्ड वाचिंग के लिए सैलानी दूर–दूर से आते हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# एस0 के0 डी0 न्यू स्टैण्डर्ड कोचिंग इन्सिटट्यूट नें बाराबंकी मे किया नई शाखा का शुभारम्भ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस0 के0 डी0 न्यू स्टैण्डर्ड कोचिंग इन्सिटट्यूट नें लखनऊ में अपना परचम लहराने के बाद बाराबंकी मे किया नई शाखा का शुभारम्भ। एस के डी न्यू स्टैण्डर्ड कोचिंग लखनऊ ने इसी वर्ष अपने 38 वर्ष पूरे किये है। यह एस के डी सिंह चेयरमैन एवं निदेशक मनीष सिंह की कड़ी मेहनत का ही नतीजा है। इन विगत वर्षों में संस्था द्वारा हजारो बच्चों ने डाक्टर एवं इंजीनियर बनकर अपने शहर एवं देश का नाम रौशन किया है। इसी क्रम में आज बढेल चौराहे बाराबंकी में अपनी नयी शाखा का शुभारम्भ किया। यहाँ बाराबंकी व आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिये और अधिक कोर्सेज उपलब्ध कराये गये हैं। कक्षा–9 वीं से लेकर 12 वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिये नीट (मेडिकल) व जेईई (इंजीनियरिंग) की तैयारी के लिए फाउन्डेशन क्लासेज चलेंगी साथ ही बारहवीं पास छात्रों के लिए भी कोचिंग रहेगी। छात्रों के लिए 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप का भी आफर दिया जा रहा है। संस्था के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि सांसद उपेन्द्र सिंह रावत एवं पूर्व विधायक अरविन्द सिंह गोप तथा चौयरमेन (एस.के.डी. ग्रुप) एस.के.डी.सिंह , निदेशक (एस.के.डी. ग्रुप) मनीष सिंह एवं क्लीनिकल निदेशक (एस.के. डी. हास्पिटल) डा. आशीष सिह उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था के निदेषक मनीष सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हर क्षेत्र के छात्रों को अच्छी से अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सके व भविष्य में हमारी संस्था



होनहार डॉक्टर व इंजीनियर अधिक से अधिक बना सके, इसके लिये हमने वेल एजूकेटेड व अनुभवी फैकल्टी का चयन किया है एवं हमारे पुराने व अनुभवी शिक्षकों विशेष कर एस. के. डी. सिंह (चेयरमैन) का निर्देशन सभी बच्चों को लगातार मिलता रहेगा है। शिक्षा के क्षेत्र में एस0 के0 डी0 ग्रुप गत 38 वर्षों से निरन्तर प्रयत्नरत है व आगे भी रहेगा। अरविन्द सिंह गोप ने एस.के.डी. कोचिंग को छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाने एवं नये शाखा के उद्‌घाटन के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में संस्था के सभी गणमान्य व्यक्ति एवं स्टॉफ उपस्थित रहे। शाखा का उद्‌घाटन चेयरमैन सर ने रिबन काट के किया। लखनऊ की भांति इस शाखा का उद्देश्य बाराबंकी एवं आसपास के क्षेत्रों के छात्रों के भविष्य उज्जवल बनाने की लिए ही किया गया है। इस शाखा के द्वारा छात्र नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवी के साथ मेडिकल एवं जैई की पढ़ाई कर सकेंगे जो सही मार्गदर्शन पाकर अपने भविष्य को उज्जवल बनाकर अपने परिवार शहर एवं राष्ट्र का नाम ऊँचा कर सकेंगे।

# हरी झंडी दिखाकर डीएम ने जागरूकता रैली को किया रवाना

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नितीश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ सदर तहसील परिसर से किया।इस मौके पर जिलाधिकारी नितीश कुमार ने जागरुकता रैली को रवाना कर लोगों को व्यक्तिगत साफ–सफाई रखने व वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए अपने पास–पड़ोस के लोगों को प्रेरित करने की शपथ दिलाई। मालूम हो कि यह अभियान एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान सरकार सूबे के हर गांव, ब्लॉक व जनपद के साथ–साथ पूरे प्रदेश को दिमागी बुखार से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए 11 विभागों के आपसी समन्वय से जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा।उन्होंने कहा कि संचारी रोग हमारे गांव अथवा क्षेत्र में रहने वाले परिवारों के आर्थिक और पारिवारिक नुकसान का एक बड़ा कारण हो सकते हैं। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने वहां पर मौजूद लोगों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम सभी संचारी रोग से लड़ाई में हम हर संभव प्रयास करेंगे कि हमारा परिवार व समुदाय इन रोगों से मुक्त रहें।इस मौके पर उन्होंने लोगों को शपथ दिलाया कि "हम सभी स्वच्छता पर विशेष ध्यान देंगे।हम सभी व्यक्तिगत साफ–सफाई का ध्यान रखेंगे, अपने घर के आस–पास साफ–सफाई रखेंगे।हमारे गांव अथवा हमारे आस–पास के क्षेत्र में यदि कोई व्यक्ति बुखार से पीड़ित होगा, तो परिवार को तुरंत इलाज के लिए सरकारी अस्पताल जाने के लिए प्रेरित करेंगे।डीएम नीतीश कुमार ने कहा कि बच्चों में दिमागी बुखार जानलेवा हो सकता है।इस रोग के बाद शारीरिक और मानंसिक विकलांगता भी आ सकती




है। इसलिए बुखार होने पर बच्चे को तत्काल नजदीकी सरकारी अस्पताल में ले जाएं।जनपद के प्रत्येक सीएचसी/पीएचसी पर बुखार के समुचित इलाज की व्यवस्था है उन्होंने कहा कि इस बीमारी से सबसे ज्यादा प्रभावित होने का खतरा 1 से 15 वर्ष के आयु के बच्चों को होता है,इसलिए इनकी सुरक्षा के लिए विशेष प्रयास करें।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक एवं 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा।अभियान के दौरान फ्रंटलाइन वर्कर (आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) घर–घर जाकर बुखार , इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस से ग्रसित लोगों के साथ–साथ संभावित क्षय रोगियों व कुपोषित बच्चों को चिन्हित करेंगी। इसके अलावा वह क्षेत्रवार ऐसे मकानों को सूची बनाएंगी जहां घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो। इस दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता फिजिकल डिस्टेंसिंग, हाथों की धुलाई और मास्क की अनिवार्यता पर विशेष ध्यान रखेंगे।इस मौके पर नोडल अधिकारी वीबीडी डा अंसार अली,जिला कुष्ठ अधिकारी डा सईद अहमद, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आरके सक्सेना, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा राम मणि शुक्ला,अर्बन नोडल डा वेद प्रकाश त्रिपाठी सहित स्वास्थ्य विभाग से डी एच ई आई ओ,फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला मलेरिया अधिकारी,डीसीपीएम, यूनिसेफ, नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने स्कूल चलो अभियान का किया शुभारंभ

रिपोर्ट उमाकान्त लाला शाहजहाँपुर : जनपद में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ माननीय वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने गांधी भवन में किया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा लखनऊ में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए माननीय मंत्री जी ने कहा कि सभी शिक्षक अपने क्षेत्र के सभी बच्चों को विद्यालय में अधिक से अधिक नामांकन कराएं। कायाकल्प के द्वारा पूरे प्रदेश में विद्यालयों का कायाकल्प किया गया है जिससे हमारे 1लाख 38 हजार स्कूलो में इंफ्रास्ट्रक्चर में बहुत ज्यादा सुधार हुआ है। इसके साथ ही बच्चों की पढ़ाई लिखाई के लिए बेहतर सुविधाएं दी जा रही है। उनको स्कूल यूनिफार्म के लिए डीबीटी की माध्यम से उनके खाते में सीधे पैसा ट्रांसफर किया जा रहा है। इन सभी विद्यालयों में मिड डे मील योजना के अंतर्गत बच्चों को पका पकाया भोजन भी मिल रहा है। इस अवसर पर मंत्री श्री खन्ना , सांसद अरुण सागर , सांसद राज्यसभा मिथिलेश कुमार , विधायक पुवायां चेतराम , ब्लाक प्रमुख भावल खेड़ा राजाराम वर्मा , अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक डीपीएस राठौर , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह , मुख्य विकास अधिकारी एस बी सिंह ने गुब्बारे उड़ाकर स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी शिक्षकों का आह्‌वान करते हुए अपने क्षेत्र



के सभी बच्चों का शत–प्रतिशत नामांकन कराने पर बल देते हुए अपने लक्ष्य से अधिक नामांकन विद्यालयों में कराएं , साथ ही उन्होंने बताया बच्चों को बेहतर सुविधा देने के लिए उनको सभी प्रकार की सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है बच्चों की उपस्थिति पर भी विशेष जोर देने की आवश्यकता है। ताकि बच्चों का शैक्षिक विकास हो सके इसके इस अवसर पर मंत्री एवं समस्त गणमान्य व्यक्तियों ने बच्चों को 2023–24 सत्र की पाठ्य पुस्तकों का वितरण भी किया। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर शिक्षक संगठन के पदाधिकारी समस्त शिक्षक संकुल ए आर पी शिक्षक गण एस आर जी टीम जिला स्काउट गाइड टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही प्रत्याशियों में बढ़ी बेचैनी : तरह तरह की बिसात लगाने में लगे प्रत्याशी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : गोरखपुर जनपद नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही खामोश पड़े प्रत्याशियों के द्वारा एक बार फिर भाग दौड़ का कार्यक्रम सुरु कर दिया गया है कोई बिकाश का ढ़िढोरा पीट रहा है तो कोई जातिगत समीकरण लगाता फिररहा है जो लोगों के समझ से परे है। उल्लेखनीय है कि विगत कुछ दिनों पूर्व नगर निकाय एवं नगर पंचायत चुनाव की घोषणा होने के बाद प्रत्याशियों में होड़ मची हुई थी और सब एक दूसरे से दो दो हाथ करने पर आमादा थे वही सरकार के द्वारा चुनाव पर रोक लगाये जाने के बाद सारा मामला ठंढे झोले में चलागया था वही कुछ प्रत्याशियों के द्वारा राहत भरी साँस ली जा रही थी परन्तु मामला न्यायालय में चला गया और न्यायालय के द्वारा सरकार को चुनाव कराने का फरमान जारी कर दिया गया और सरकार द्वारा अधिसूचना भी जारी कर दिया गया। चुनावी फरमान जारी होने के बाद जहॉ प्रत्याशियों में बेचैनी बढ़ गई है वहीं जातीगत समीकरण के साथ साथ पार्टी समीकरण भी साधा जाने लगा है ताकि चुनावी नैय्या को पार लगाया जा सके।

# जिलाधिकारी द्वारा तहसील केराकत सभागार में किया गया संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील केराकत सभागार में किया गया। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर मौजूद फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत के उपस्थित न रहने पर आज का वेतन बाधित करने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया। उन्होंने ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाये। इस मौके पर 140 फरियादियों द्वारा प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया जिसमें मौके पर ही 08 शिकायती प्रार्थना–पत्र का निस्तारण किया गया एवं टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारित कराने का निर्देश दिया गया। समाधान दिवस के अवसर पर इंद्रावती पत्नी राम नदायन यादव ग्राम सिहौली केराकत द्वारा रास्ता( मार्ग) विवाद संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व एवं चकबंदी की टीम को मौके पर जाकर निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। जमीन विवाद संबंधित शिकायती प्रकरण को पुलिस एवं राजस्व की टीम बनाकर मौके पर जाकर नियमानुसार निस्तारित करने का निर्देश दिया। समाधान दिवस में जमीन, राशन, आवास सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई जिसपर संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने का निर्देश दिया साथ ही यह भी निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण ऐसा किया जाए जिससे शिकायतकर्ता को दुबारा शिकायत न करना पड़े। इस अवसर पर तहसील सभागार में जिलाधिकारी महोदय द्वारा आर्दश कम्पोजिट विद्यालय केराकत के 06 बच्चों को स्कूल चलो अभियान 2023–24 का पाठ्य–पुस्तक वितरित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कक्षा–3 की छात्रा पलक से 12 का पहाड़ा पुछा, पलक द्वारा अंग्रेजी में सही–सही पहाड़ा सुनाया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, जिला विकास अधिकारी बी०बी० सिंह, पी०डी० जयकेश त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी केराकत नेहा मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, तहसीलदार सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक का संभाला कार्यभार



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार ग्रहण किया। महाप्रबंधक, उत्तर रेलवे का कार्यभार संभालने से पहले श्री चौधुरी रेलवे बोर्ड के सचिव के रूप में कार्यरत थे। 1986 बैच के आईआरएसएसई अधिकारी, शोभन चौधुरी ने रेलवे बोर्ड में कार्यकारी निदेशक (दूरसंचार विकास), मंडल रेल प्रबंधक, भोपाल और जबलपुर मंडल में वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर जैसे महत्वपूर्ण एक्जीक्यूटिव एवं मैनेजमेंट पदों पर रहकर भारतीय रेलवे की सेवा की है। इसके साथ ही वे रेल टेल कॉर्पोरेशन में टेलीकॉम संबंधित नीति निर्माण में सराहनीय भूमिका निभा चुके हैं। वे पश्चिम मध्य रेलवे में मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर प्रोजेक्ट के पद पर भी रहे। श्री चौधुरी ने 17 अक्टूबर, 2019 से पश्चिम मध्य रेलवे में अपर महाप्रबंधक के रूप में कार्य किया है। इस अवधि के दौरान उन्होंने कुछ दिनों के लिए पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक पद का भी अस्थायी तौर पर कामकाज संभाला। बेहद सरल, सहज और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी श्री चौधुरी को सैकड़ों रेलकर्मियों और रेल अधिकारियों से उनकी नई पोस्टिंग के लिए शुभकामनाएं मिल रही हैं।

# स्वयं सेवक सेविकाओं द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में किया गया पौधारोपण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रजत ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, लखनऊ के रजत डिग्री कॉलेज, रजत वोमेंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेण्ट एवं रजत कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड मैनेजमेण्ट में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर (27 मार्च से 02 अप्रैल) के अंतर्गत छठें दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आज दिनांक 01 अप्रैल 2023 राष्ट्रीय सेवा योजना में विशेष शिविर का छठवां दिन ''वृक्षारोपण एवं पर्यावरण''पर आधारित था। उपरोक्त विषय पर स्वयंसेवक सेविकाओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए ।उन्होंने पोस्टर के माध्यम से बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण करना अति आवश्यक है। साथ ही बताया कि हमें वृक्षों की रक्षा करनी चाहिए। आए दिन होने वाले वृक्षों के कटाव को रोकना चाहिए क्योंकि इसके कारण बाढ़ का खतरा, ग्लोबल वार्मिंग आदि में वृद्धि होती है। अगर हम वृक्षों को किसी कारणवश काट रहे हैं तो हमें उतनी ही संख्या में वृक्षों का रोपण भी करना चाहिए ताकि प्राकृतिक संतुलन बना रहे।



वृक्षारोपण का बुनियादी लाभ यह है कि यह हमें ऑक्सीजन की आपूर्ति देता है साथ ही साथ फल, लकड़ी, फाइबर, रबर आदि बहुत कुछ प्रदान करता है। पेड़ पौधे मृदा अपरदन को रोकते हैं और पक्षियों के साथ–साथ जानवरों के लिए भी आवास के रूप में सहायता करते हैं। पृथ्वी के तापमान और पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत महत्वपूर्ण है। अंत में स्वयं सेवक सेविकाओं द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया।

# बाल सदन मोती नगर में अंतर्जनपदीय जूडो प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। बाल सदन मोतीनगर में अंतर्जनपदीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लखनऊ जनपद के 6 जूडो क्लबों से 150 से अधिक बालक– बालिकाओं व तकनीकी अधिकारियों ने मिनी, सब जूनियर व जूनियर वर्ग के जूडो मुकाबलों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर हलवासिया, विशिष्ट अतिथि वर्ल्ड रेफरी व सातवीं ब्लैक बेल्ट मुनव्वर अंजर, विशेष अतिथि जापानी जूडो कोच सोना नगाओ रहे। प्रतियोगिता के आयोजन समिति के अध्यक्ष अजय प्रकाश ने सभी अतिथियों व तकनीकी अधिकारियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता का उद्‌घाटन अंतरराष्ट्रीय रेफरी



जूडो उमेश सिंह ने किया। घनश्याम मौर्य आयोजन सचिव ने सभी खिलाड़ियों का तकनीकी अधिकारियों को धन्यवाद दिया। राजेंद्र शर्मा टेक्निकल ऑफिशियल भी उपस्थित रहे।

# दलित पिछड़ों के हित में भाजपा सरकार नें आज तक नहीं किया कोई कार्य –अवधनाथ सपा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ अवध नाथपाल का जनपद में प्रथम आगमन पर सिंगरामऊ बॉर्डर से लेकर जगह जगह कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया वही स्वागत होते हुए पार्टी कार्यालय पर पूर्व जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव द्वारा उन्हें पार्टी का झंडा देकर टोपी लगाकर स्वागत किया गया। समारोह को संम्बोधित करते हुए नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ अवध नाथ पाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हम पर भरोसा जताया है उस भरोसे को हम अपने कार्यकर्ताओं नेताओं के साथ मिलकर पूरा करने का काम करेंगे समाजवादी पार्टी को एक मजबूत संगठन के रूप में खड़ा करने का हमारा लक्ष्य है हर बूथ पर 20 यूथ बनाकर समाजवादी पार्टी से हर जात धर्म को जोड़कर हमको 2024 का चुनाव जितना है इस देश में जो सरकार हैं वह लगातार दलित पिछड़े कमजोर के लोगों पर अत्याचार कर रही है और दलित पिछड़ों के हित में भाजपा सरकार आज तक कोई कार्य नहीं किया है आरक्षण को खत्म करने की साजिश भाजपा सरकार की है जिसे हम समाजवादी लोग कभी सफल होने नहीं देंगे भाजपा देश में ऐसी पार्टी है जो सबसे ज्यादा दलित पिछड़ों की हानि की है अखिलेश यादव ही एक आखिरी उम्मीद है जो इस प्रदेश को खुशहाली के रास्ते पर ले जा सकते हैं भाजपा ने लोकतंत्र खत्म कर दिया संविधान को मानती नहीं और अपने तानाशाही रवैया से




नागपुर के संविधान से देश को चलाना चाहते हैं ऐसे में हम आपकी जिम्मेदारी हैं कि अपने नेता अखिलेश यादव के साथ चलकर भाजपा का सफाया करेंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव ने कहा डॉ अवध नागपाल एक कर्मठ जुझारू तेवर के नेता है निश्चित रूप से जिलाध्यक्ष पूर्व में भी रहे हैं और वर्तमान में हैं उनकी कार्यशैली बहुत ही शानदार रही है और भविष्य में भी शानदार रहेगी यह हमेशा कार्यकर्ताओं के मान सम्मान की लड़ाई लड़ते रहेंगे और समाजवादी पार्टी को मजबूती दिलाने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे उनके जिलाध्यक्ष बनने से निश्चित रूप से जनपद जौनपुर में समाजवादी पार्टी मजबूत हुई ।स्वागत समारोह में मुख्य रूप से विधायक लकी यादव, पूर्व विधायक, लंलन प्रसाद यादव, शैलेंद्र यादव ललई,राजनरायन बिन्द,सुषमा पटेल, अरशद खान, राजबहादुर यादव,राजनाथ यादव,श्याम बहादुर पाल, राहुल त्रिपाठी, दीपचंद राम, शकील अहमद,राजेंद्र टाईउ पूनम मौर्या, अनील दूबे, राजेश यादव, श्रवण जायसवाल अनील यादव प्रमोद,आदि उपस्थित रहे।

# कुलपति ने किया छात्रावास में एम्बुलेंस का लोकार्पण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास परिसर में शुक्रवार को निजी एम्बुलेंस का



लोकार्पण किया गया। कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने विधि विधान से पूजन करके विद्यार्थियों के लिए एम्बुलेंस को लोकार्पित किया। इस कार्य के लिए विद्यार्थियों ने कुलपति के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस, मौर्य ने कहा कि विद्यार्थियों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए इसकी खरीद की गई है। विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों के लिए हर सुविधा अपडेट करने की कोशिश कर रहा है। एम्बुलेंस आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। विश्वविद्यालय में कुल चार पुरुष और तीन महिला छात्रावास हैं। रात्रि में उपचार के लिए अन्यत्र जाने की समस्या के समाधान करने के लिए यह व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. मानस पांडेय, चीफ वार्डेन प्रो. रजनीश भास्कर. सहायक कुलसचिव अजीत सिंह, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डा. पूजा सक्सेना, डा. झांसी मिश्रा, डा. जया शुक्ला, डा. प्रवीण सिंह, डा. धर्मेंद्र सिंह, डा. संजीव गंगवार, डा. गिरधर मिश्र, डा. पुनीत धवन, डा. सुनील कुमार, डा. सत्यम उपाध्याय, लाल बहादुर आदि मुख्य रूप से थे।

# जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान का किया शुभारंभ : 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा अभियान

रिपोर्ट उमाकान्त श्रीवास्तव शाहजहाँपुर : जिलाधिकारी ने तहसील सदर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आज से प्रारंभ होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। संचारी रोग नियंत्रण अभियान 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा ।जिसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग , नगर विकास विभाग , पंचायतीराज / ग्राम्य विकास विभाग , पशुपालन , बाल विकास एवं पुष्टाहार , शिक्षा , दिव्यांगजन सशक्तीकरण , कृषि एवं सिंचाई , सूचना एवं उद्यान विभाग आदि के सहयोग से विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जायेगा। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने निर्देश दिया कि सभी विभाग निर्धारित किए गए माइक्रोप्लान के अनुसार गतिविधियों का संचालन करें। विभिन्न विभागों को दिए गए दायित्वों एवं कार्यो को समय से पूर्ण कराते हुये रिपोर्ट प्रेषित करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि नगर विकास विभाग साफ सफाई , फागिंग , शुद्ध पेयजल का प्रयोग , खुले में शौच न करना तथा मच्छरों की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान सहित विभिन्न गतिविधियों का संचालन करेगा। पंचायतीराजध्ग्राम्य विकास विभाग में ग्राम प्रधान ग्राम स्तर पर साफ–सफाई , हाथ धोना , शौचालय की सफाई तथा घर से जल निकासी हेतु जनजागरूकता के लिए प्रचार–प्रसार , शुद्ध पेय जल की व्यवस्था , झाड़ियों व तालाबों की साफ–सफाई , छिड़काव आदि व्यवस्थाओं को करने के साथ ही बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण व




पुष्टाहार उपलब्ध कराए तथा ए.ई.एस./ जे.ई. रोग से दिव्यांग कुपोषित बच्चों को अति कुपोषित बच्चों की भांति पुष्टाहार/टेक होम राशन उपलब्ध कराने का कार्य सुनिश्चित किया जाएगा। शिक्षा विभाग द्वारा क्लोरिनेशन डेमो, पेयजल को उबालना, साबुन से हाथ धोना, शौचालय के प्रयोग हेतु जागरूक किया जाएगा तथा पशुपालन विभाग यह निश्चित करें कि पशुपालकों का संवेदीकरण , सूकर बाड़ों को आबादी से दूर बनवाएं जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोगों पर सफलतापूर्वक नियंत्रण पाने हेतु लोगो को स्वच्छ आदते अपनाने के लिए करें और रोगो के बचाव के विषय में जानकारी दें। बच्चों को भी स्वच्छ आदते अपनाने हेतु जागरूक किया जाये। जिलाधिकारी ने मच्छरों पर प्रभावी नियंत्रण तथा सफाई का प्रबन्ध करने हेतु निर्देशित किया ।जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु व्यक्तिगत साफ–सफाई का ध्यान रखें, अपने घर के आस–पास साफ–सफाई रखें, अपने गांव और मोहल्ले के वातावरण को स्वच्छ रखें तथा समुदाय को साफ–सफाई और स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि संचारी रोग गांव अथवा क्षेत्र में रहने वाले परिवारों को आर्थिक नुकसान का एक बड़ा कारण हो सकता है, इसलिए संचारी रोगों से लड़ाई में सभी को हर संभव प्रयास करना होगा जिससे परिवार और समुदाय इन रोगों से मुक्त रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि गांव अथवा आस–पास के क्षेत्र में यदि कोई व्यक्ति बुखार से पीड़ित हो तो उसके परिवार को तुरन्त इलाज के लिए सरकारी अस्पताल जाने हेतु प्रेरित करें। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा आर के गौतम , उप जिलाधिकारी सदर सतीश चंद्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्कूल चलो अभियान का हुआ आगाज : स्कूल में नामांकन से छूटने न पाये कोई भी बच्चा

जौनपुर सू.वि. : स्कूल चलो अभियान 2023–24 व संचारी रोग नियंत्रण अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मा0 सांसद राज्यसभा श्रीमती सीमा द्विवेदी, विशिष्ठ अतिथि सदस्य विधान परिषद उ0प्र0 श्री बृजेश सिंह (प्रिंसू) व मुख्य विकास अधिकारी श्री साई तेजा सीलम व डायट प्राचार्य डा0 राकेश सिंह ने सरस्वती जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रा0 विद्यालय पुलिस लाइन की बच्चियों ने गणेश वंदना प्रस्तुत किया। इसके पूर्व इस अभियान की शुरुआत लोकभवन लखनऊ में 11 बजे मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने किया जिसका एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण उपस्थित लोगों ने देखा तथा यूटयूब लिंक को मोबाइल के माध्यम से शिक्षको, एआरपी, अभिभावकों सहित अन्य लोगों ने भी देखा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती सीमा द्विवेदी ने कहा कि बच्चे स्कूल जाये और संचारी रोग से बचें, कोई भी बच्चा स्कूल में नामांकन से न छूटने पाये। ये हर माता–पिता व अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि अपने बच्चों का नामांकन स्कूल में जरुर करायें। यदि आप शिक्षा ग्रहण कराते हैं तो वह आत्मनिर्भर बनाता है और उसका चौमुखी विकास होता है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया कि अपना आत्मविश्वास बढ़ाये और अपना लक्ष्य निर्धारित करें, सफलता अवश्य मिलेगी। आगे मुख्य अतिथि जी ने अभिभावकों से अपील किया कि सरकार ने डीबीटी के माध्यम से जो रुपये 1200 की धनराशि दे रही है उससे बच्चों का ड्रेस, जूता मोजा, स्वेटर आदि ही बच्चों के लिए ही खरीदें, इस धनराशि का कही अन्य जगह उपयोग न करें। विशिष्ठ अतिथि सदस्य विधान परिषद उ0प्र0 ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों मे कायाकल्प व शिक्षण कार्य में बहुत परिवर्तन और सुधार हुआ है। शिक्षक बच्चों को ज्ञान प्रदान कर उनका सर्वांगीण विकास करते हैं इसके लिए शिक्षक बधाई के पात्र है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि परिषदीय विधालयों मे पिछले साल बहुत अच्छा कार्य हुआ, अब इस वर्ष और बेहतर करना है, विशेष रूप से जनप्रतिनिधि, प्रधान से मिलकर नामांकन के साथ साथ बच्चों की उपस्थिति पर बल दे। बच्चों को साफ–सफाई व स्वच्छता के प्रति जरुर जागरुक करे। डायट प्राचार्य डा0 राकेश



सिंह ने कहा कि पिछले सत्र मे पूरे उत्तर प्रदेश में जनपद जौनपुर नामांकन में दूसरे नम्बर पर, आपरेशन कायाकल्प में सातवें नम्बर पर व निपुण लक्ष्य में चौथे नम्बर पर रहा, इसके लिए सभी को बधाई आगे बेहतर करने के लिए अच्छी कार्य योजना बनाये। डीबीटी की धनराशि शीघ्र ही अभिभावकों के खाते में आयेगी इसलिए नामांकन के साथ ही आधार कार्ड प्राप्त करते हुए डीबीटी भी करते रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने आये हुए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित कक्षा–01 से 08 तक के विद्यालयों में छात्र–छात्राओं के अधिक से अधिक नामांकन को प्रोत्साहित किए जाने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की गई है जो एक माह तक चलेगा। सभी बच्चों को शिक्षित करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। इस अवसर पर अतिथियों के हाथो बच्चों को पुस्तक प्रदान किया गया। अन्त में आभार प्रधानाध्यापिका नीतू सिंह ने व्यक्त किया। संचालन अजय मौर्य व प्रशांत मिश्रा ने किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, डायट प्रवक्ता मनीष कुमार सिंह, डा0 आर एन यादव, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला समन्वयक मोहम्मद जमा, अरुण मौर्य, सतेन्द्र गुप्ता, शशिधर उपाध्याय, एसआरजी डा अखिलेश सिंह, कमलेश यादव, राजू सिंह, सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, प्रीति श्रीवास्तव, सरोज सिंह, राकेश यादव, संतोष तिवारी आदि सहित शिक्षक अभिभावक व छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार कार खाई में पलटी : बाल बाल बचे सब

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जफराबाद क्षेत्र के बाईपास पर शुक्रवार की शाम को एक तेज रफ्तार कार खाई में जाकर पलट गयी ।चालाक तथा उसमे सवार एक व्यक्ति बाल बाल बच गए ।उन्हें मामूली चोट आई। जलालपुर के महिमापुर गांव निवासी शहजादे खान पुत्र ताज आलम खान अपनी आई 20 कार से जौनपुर से घर लौट रहे थे ।उक्त बाईपास पर अचानक उनकी कार असन्तुलित होकर सड़क के किनारे के दस फिट गहरे खाई में पलट गयी ।शहजादे तथा उसमें सवार उसके परिचित व्यक्ति को लोगों ने तत्काल बाहर निकलवाया ।दोनों उसमे फंसे हुए थे ।चौकी प्रभारी आशीष पांडेय मौके पर पहुंच गए।

## 100 किलोग्राम गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : डा0 अजय पाल शर्मा पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के



मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष सरपतहां के नेतृत्व में आज उ0नि0 लक्ष्मण सिंह मय हमराह का0 संजय सिंह द्वारा शेखाही नहर पुलिया के पास से एक अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र सुखई निवासी ग्राम सरपतहां थाना सरपतहां 32 वर्ष को 01 किलो 100 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 93/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर कायम किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। इनका अपराधिक इतिहास मु0अ0सं0–142/2022 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधि0 तथा 120बी भादवि0 थाना सरपतहाँ जौनपुर, मु0अ0सं0 93/2023 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सरपतहाँ जौनपुर।

# जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

रिपोर्ट उमाकान्त श्रीवास्तव शाहजहाँपुर : जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना एवं शिकायतों तथा समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 41 शिकायतें मिली जिसमें से 08 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में निश्चित रूप से करा दिया जायें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्यतः राजस्व , पुलिस , समाज कल्याण , विद्युत आपूर्ति आदि विभागों से संबंधित शिकायतें मिली । सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान लेखपाल राजकमल को विरूद्ध रिश्वत लिये जाने की शिकायत प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने जांच कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। तहसील समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर प्रभावी समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है, जिसके क्रम में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करके शिकायतकर्ताओं को अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि लापरवाही करने वालों और निस्तारण में शिथिलता बरतने वालो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधि



कारी मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करायें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता से बेहतर व्यवहार करें एवं उन्हें पूरी जानकारी उपलब्ध कराएं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक एस. आनंद ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया और कहा कि हम सभी का उद्देश्य पीड़ित को राहत देना होना चाहिए। उन्होने थाना दिवस को और अधिक प्रभावी ढंग से आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आर के गौतम , डी. एफ.ओ. प्रखर गुप्ता , उपजिलाधिकारी सदर सतीश चंद्रा , पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित चौरसिया , जिला विकास अधिकारी पवन कुमार सिंह , सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। आरसेटी से एग्री जंक्शन का प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 13 अभ्यर्थियों को जिलाधिकारी ने प्रमाण पत्र किए वितरित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान आरसेटी द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि उद्यमी (एग्री जंक्शन) का प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 13 अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि युवाओं के स्वावलंबी बनने से ही समाज उन्नति करेगा। स्वरोजगार में लगे युवा अन्य लोगों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में भी सक्षम हो सकते हैं, जिससे रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे।

## बाइक पर बैठी महिला का संतुलन बिगड़ा : सड़क पर गिरने से हुई मौत

दिल्ली ब्यूरो : अलीगढ़ में गोंडा कस्बा निवासी महिला की बाइक से गिर जाने के कारण मौत हो गई, शुक्रवार देर सांय हुए हादसे के बाद परिवार के लोगों ने महिला के शव का बिना पोस्टमार्टम कराए दाह संस्कार कर दिया। गोंडा कस्बा के नई बस्ती मोहल्ला निवासी तेजवीर सिंह गांव शहरी मदनगढ़ी के रहने वाले हैं। वह कई वर्षों से परिवार सहित कस्बे में रह रहे हैं। उनकी 59 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी गांव में अपने खेतों पर गेहूं की फसल काटने गई थीं। देर सांय खेत पर काम समाप्त कर वह अपने बेटे दीपू के साथ बाइक पर सवार होकर गोंडा आ रही थी। इसी दौरान गांव कैमथल व बसौली के मध्य बाइक पर बैठने के दौरान उर्मिला देवी का संतुलन बिगड गया और वह सिर के बल सड़क पर आ गिरी। बेटे को मां के गिरने



का आभास हुआ, तो उसने तुरंत बाइक रोक उन्हें संभालने की कोशिश की। तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना में उर्मिला देवी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

# विश्व हिंदू परिषद की कल निकाली जाएगी श्रीराम नवमी शोभा यात्रा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : विश्व हिन्दू परिषद की श्री रामनवमी शोभा यात्रा 02 अक्टूबर को शाहाबाद नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकाली जाएगी। यह जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष लोगों में विशेष रूप से श्री रामनवमी शोभायात्रा को लेकर उत्साह है ।लोग बढ़–चढ़कर हिस्सा लेंगे। सैकड़ों राम




भक्तों द्वारा इसमें हिस्सा लेने की संभावना है। इस शोभायात्रा का नेतृत्व विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह करेंगे ।उन्होंने बताया कि शोभायात्रा रामवाटिका मैदान चौक शाहाबाद से निकलेगी ।शोभा यात्रा राम वाटिका मैदान से निकल कर सर्राफा बाजार, सदर बाजार, बड़ी बाजार, सिनेमा चौराहा, बस स्टैण्ड, महुआ टोला, सरदार गंज हो कर वापस राम वाटिका मैदान में जा कर समाप्त होगी ।इस शोभायात्रा को लेकर पूरा नगर गेरुआ रंग के ध्वजा से पट गया है ।विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों का कहना है कि इस शोभा यात्रा को लेकर लोगों में इतना उत्साह है कि बाजार में गेरुआ रंग के अगौंछा एवं टी शर्ट का अभाव है ।चारों तरफ गेरुआ झंडे लगाए गए हैं ।विशेषकर युवाओं में इस शोभा यात्रा को लेकर काफी उत्साह है। मातृ शक्ति जिला संयोजिका कमलेश देवी, सुनील गुप्ता, नवनीत गुप्ता, अनिल लाहौरी, योगेंद्र गुप्ता, पुनीत कनौजिया, शिवम सिंह, अमित विश्वकर्मा, सोनपाल वर्मा, अमित विश्वकर्मा आदि कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर लोगों को श्री राम शोभा यात्रा में शामिल होने के लिए आग्रह किया है।

# चार शातिर चोर गिरफ्तार : चोरी का समान बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लाइन बाजार थाना अंतर्गत पुलिस ने 04 शातिर चोर/अभियुक्तों को किया गिरफ्तार इनके कब्जे से चोरी का तीन बंडल कपडा, स्टाटर , कटर मशीन तथा समरसेबुल बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक आदेश कुमार त्यागी मय हमराह नि0 जयप्रकाश यादव, उ0नि0 सुधीर कुमार ,हे0का0 चन्द्रमा पाण्डेय, हे0का0 कमलेश कुमार पाण्डेय , का सुनील यादव , का0 सुरेश सिंह ,का0 विश्वास यादव के साथ तलाश वांछित/वारंटी , चेकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति मे मामूर होकर खालसा ढाबा पहुँच कर चेकिंग कर रहे थे कि मुखबीर खास की सूचना पर वैष्णो ढाबा के पास पहुच कर दिनांक 21.03.2023 को अरुण कुमार सिंह पुत्र बेचू सिंह निवासी मुरादगंज हवेली थाना लाइन बाजार जौनपुर के नालंदा ट्रांसपोर्ट कम्पनी की दिवार तोड कर कपडे के बंडल चोरी करने वाले चोर 1. पंकज यादव पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी अभयचन्द्रपट्टी थाना बक्शा जनपद जौनपुर उम्र 18 वर्ष 2. बीरबल चौहान पुत्र कतवारू चौहान निवासी अभयचन्द्रपट्टी थाना बक्शा जनपद जौनपुर उम्र 18 वर्ष 3–राजकुमार चौहान उर्फ छोटू पुत्र लालबहादुर चौहान निवासी अभयचन्द्रपट्टी थाना बक्शा जनपद जौनपुर उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से एक बंडल कपडा बरामद किया गया तथा इनकी निशादेही पर शेष दो बंडल कपडे चोरी का माल खरीदने वाले अभियुक्त 4– मो0 सत्तार पुत्र हनीफ निवासी दुल्लीपुर हरबसपुर थाना बक्शा जनपद जौनपुर उम्र 53 वर्ष के पास से बरामद किया गया तथा दिनांक 07.03.2023 को मुरादगंज मे निर्माणाधीन मकान के स्टोर का ताला तोड कर स्टाटर , कटर मशीन तथा समरसेबुल, भी मो0 सत्तार के कब्जे से बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त 1. पंकज यादव पुत्र रामचन्द्र यादव निवासी अभयचन्द्रपट्टी थाना बक्शा जनपद जौनपुर 2.बीरबल चौहान पुत्र कतवारू चौहान निवासी अभयचन्द्रपट्टी थाना बक्शा जनपद जौनपुर 3.राजकुमार चौहान उर्फ छोटू पुत्र लालबहादुर चौहान निवासी अभयचन्द्रपट्टी थाना बक्शा जनपद जौनपुर 4.मो0 सत्तार पुत्र हनीफ निवासी दुल्लीपुर हरबसपुर थाना बक्शा जनपद जौनपुर आपराधिक इतिहास– पंकज यादव 1.मु0अ0सं0–118/23 धारा 380/411/413/414 भादवि थाना लाइनबाजार जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 161/23 धारा 380/457/411/413/414 भादवि थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर 3. मु0अ0सं0 07/2022 धारा 380/411 भादवि थाना बक्सा जनपद जौनपुर आपराधिक इतिहास– बीरबल चौहान 1.मु0अ0सं0– 118/23 धारा 380/411/ 413/414 भादवि थाना लाइनबाजार जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 161/23 धारा 380/457/411/413/414 भादवि थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर आपराधिक इतिहास – राजकुमार चौहान उर्फ छोटू 1. मु0अ0सं0–118/23 धारा 380/411/413/414 भादवि थाना लाइनबाजार जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 161/23 धारा 380/457/411/413/414 भादवि थाना लाइन बाजार जनपद जौनपुर आपराधिक इतिहास – मो0 सत्तार 1.मु0अ0सं0–118/23 धारा 380/411/413/414 भादवि थाना लाइनबाजार । 2.मु0अ0सं0 161/23 धारा 380/457/ 411/413/414 भादवि थाना लाइन बाजार।

## एक साल में कितनी महंगी हुई आपकी थाली : चावल–आटे के बढ़े दाम : आलू–प्याज हुआ सस्ता

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार ।पिछले एक साल में खाने वाली वस्तुओं की कीमतों में इजाफा हुआ है। कुछ चीजों के दाम कम भी हए हैं। लेकिन खुदरा महंगाई दर फरवरी के महीने में 6 फीसदी की आंकड़े से ऊपर रही थी। चावल और आटे के दाम में बढ़ोतरी हुई है। कितना महंगा हुआ चावल? पिछले साल यानी 20 मार्च 2022 को एक किलो चावल की कीमत 36 रुपये थी। लेकिन 30 मार्च 2023 को ये बढ़कर 39 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई हैं। पिछले एक साल में चावल के भाव में 9.5 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, आटा का भाव भी पिछले साल के मुकाबले 14. 4 फीसदी बढ़ा है. 20 मार्च 2022 को एक किलो आटे की कीमत 31 रुपये थी। वही, 30 मार्च 2023 को आटा 35 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा था। सस्ता हुआ वनस्पति तेल पिछले साल के मुकबले इस साल वनस्पति तेल की कीमतों में 12.8 फीसदी की गिरावट आई है। 30 मार्च 2022 को वनस्पति तेल 155 रुपये प्रति प्रति लीटर की दर से बिक रहा था। वही, 30 मार्च 2022 को ये 12.8 फीसदी सस्ता हो होकर 135 रुपये प्रति लीटर की दर से बिक रहा था। प्याज और आलू के घटे दाम प्याज के भाव भी पिछले साल के मुकाबले इस साल कम हुए हैं। 30 मार्च 2022 को प्याज की कीमतें 28 रुपये प्रति किलो पर थीं। वहीं, 30 मार्च 2022 को एक किलो किलो प्याज 24 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा था। पिछले साल के मुकाबले प्याज 17.1 फीसदी सस्ता हुआ है। आलू का हाल कुछ ऐसा ही है. पिछले साल मुकाबले आलू इस साल 6.6 फीसदी सस्ता हुआ है। 30 मार्च 2022 के आलू का भाव प्रति



किलो 20 रुपये पर था। वहीं, 30 मार्च 2022 को ये 19 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा था। टमाटर के भाव में इस साल तेजी आई है। 30 मार्च 2022 को टमाटर की कीमत 23 रुपये प्रति किलो थी। वहीं, इस साल यानी 30 मार्च 2022 को टमाटर 24 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा था। दूध की कीमत में भी आई उछाल पिछले एक साल में अरहर की दाल की कीमतों में 11.6 फीसदी का इजाफा हुआ है। पिछले साल 30 मार्च को एक किलो अरहर दाल 103 रुपये में बिक रही थी। वही, इस साल 30 मार्च को इसकी कीमत 115 रुपये पर पहुंच गई है। दूध की कीमतों में भी भारी उछाल देखने को मिला है। 30 मार्च 2022 को दूध की कीमत प्रति लीटर 51 रुपये पर थी। वही 30 मार्च 2023 को दूध की कीमतें प्रति लीटर 12. 5 फीसदी महंगी होकर 57 रुपये पर पहुंच गई है।

## टी.पी. कांवेन्ट स्कूल का परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सांस्कृतिक समारोह के साथ संपन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) टी.पी. कांवेन्ट स्कूल एवं विमला देवी इंटर का० देवनगर पहाड़गंज अयोध्या में सत्र – 2022 2023 का वार्षिक परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण संपन्न हुआ। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक राजेश तिवारी ने स्कूल में आये अतिथियों का परिचय कराया।जिसमें मुख्य अतिथि विद्यालय की संचालिका श्रीमती शशिकला त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि आलोक कुमार (प्रबन्धक), एवं विद्यालय की पूर्व प्रधानाचार्य श्रीमती नैन तारा सिंह अतिथि के रूप में उपस्थित रही। वही किडजी की निदेशिका श्रीमती अंशु मालिनी ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरित की। वही इसी कड़ी में विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश दूबे ने बच्चो को शुभ आर्शीवाद एवं प्रोत्साहित किया। इस मौके पर विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।जिसमें कृष्ण सुदामा नाटक प्रशसनीय रहा। नाटक में भाग लेने वाले बच्चों को विद्यालय की संचालिका श्रीमती शशिकला त्रिपाठी ने पुरस्कृत किया।कार्यक्रम का



संचालन प्रमोद मिश्रा एवं अंजली सिंह ने किया।पुरस्कार वितरण में श्रीमती कमलेश मिश्रा ने सहयोग किया।कार्यक्रम का समापन विद्यालय के निदेशक राजेश तिवारी ने किया । समापन करते समय विद्यालय के प्रगति पर प्रकाश डाला विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओ को पुरस्कृत किया । सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय के अन्य शिक्षक में राकेश चन्द्र गुप्त, अरविन्द सिंह, सुनिता गीरि, सिमरन साहनी एवं वैष्णवी जयसवाल आदि ने सहयोग किया।

## बिना मास्क के श्री राम अस्पताल में प्रवेश वर्जित – प्रशासनिक अधिकारी वाईपी सिंह दिखे सख्त

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। कोविड के बढ़ते मरीजों को देखते हुए श्री राम अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी वाईपी सिंह ने



शक्ति भर्ती किया, अस्पताल का निरीक्षण भी किया। बिना मार्क्स के अस्पताल में घूम रहे लोगों को हिदायत दी गई, साथ–साथ डॉक्टरों को भी दी गई, हिदायत की बिना मार्क्स के मरीजों को ना देखें। प्रशासनिक अधिकारी यश प्रकाश सिंह ने बताया कि कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए शक्ति बरती जा रही है जिससे लोग व अस्पताल के कर्मचारी सुरक्षित रहे मौके पर पार्षद रमेश दास जी ने भी लोगों से मास्क लगाने की आग्रह की।

## रामपथ की तर्ज पर मिलेगा परिक्रमा मार्ग चौड़ीकरण का मुआवजा

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने पंचकोसी एवं 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से प्रभावित लोगों, संतो, जन सामान्य से कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ द्वितीय चरण का वार्ता संवाद संपन्न हुई। बैठक में कम से कम लोगों को प्रभावित किए बिना, प्राचीन मठ, मंदिरों को यथासंभव संजोए रखते हुए 20 मीटर चौड़े पंच कोसी व 14 कोसी मार्ग के निर्माण एवं प्रभावित लोगों/दुकानदारों/भूस्वामियों को नियमानुसार अनुमन्य मुआवजा प्रदान करने, पूर्ण रूप से विस्थापित होने वाले लोगों को नियमानुसार पुनर्वासित करने जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई तथा उनके सुझावों को प्राप्त किया गया तथा उक्त बिंदुओं के संबंध में लोगों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई व उनकी शंकाओं का समाधान किया गया व उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु आश्वस्त किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में पीडब्ल्यूडी व राजस्व लेखपालों द्वारा किए गए दोनों मार्गों के सर्वे में प्राप्त समस्याओं का गंभीरता के साथ समाधान किया जा रहा है तथा उसके संबंध में लोगों से संवाद भी किया जा रहा है तथा मौके पर जाकर पुनः उसका निराकरण किया जा रहा है। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन ने मार्ग की चौड़ी करण से प्रभावित लोगों को अवगत कराया कि चौड़ीकरण से प्रभावित लोगोंको नियमानुसार उनकी भूमि का सर्किल रेट का दो गुना मुआवजा प्रदान किया जाएगा तथा मकान का मुआवजा राम पथ के तर्ज पर पीडब्ल्यूडी के निर्धारित दर 15561 रूपए प्रति वर्ग मीटर की दर से मूल्यांकन करके भवन स्वामियों को भुगतान किया जाएगा जिस पर लोगों ने सहमति व्यक्त की। चर्चा के दौरान कई लोगों द्वारा सुझाव भी दिया गया जिस पर जिलाधिकारी ने लोगों को विचार करने हेतु अस्वस्त किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्ण रूप से विस्थापित होने वाले लोगों को पुनर्वासित किया जाएगा। साथ में अधिक से अधिक प्रयास होना होगा कि जो जहां पर है वहीं पर उनको आवासित किया जाए तथा उनके दुकान एवं रोजगार वही कायम रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि प्राप्त सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा उन्होंने कहा कि प्रथम चरण की बैठक में प्राप्त शिकायतों का यथासंभव शीघ्र ही निराकरण सुनिश्चित करते हुए संबंधित को अवगत कराया जाएगा और आगे आवश्यकतानुसार और भी बैठके करके जनसामान्य के साथ समन्वय एवम् संवाद स्थापित करके सभी समस्याओं का निराकरण करते हुए आगे का कार्य किया जाए। बैठक में एडीएम प्रशासन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर, अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी प्रांतीय खंड, पीडब्लूडी प्रांतीय खंड के सभी संबंधित सहायक अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवम् 14 कोसी एवं पंचकोसी मार्ग के चौड़ीकरण से प्रभावित भूस्वामी, भवन स्वामी, दुकानदार व संत गण उपस्थित रहे।

## आरटीओ ऋतु सिंह व अन्य कर्मियों ने अनाधिकृत व ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों पर कसा शिकंजा

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) आरटीओ अयोध्या ऋतु सिंह द्वारा लगातार समीक्षा कर अयोध्या सम्भाग के ओवरलोडिंग और यात्री वाहनों में अनधिकृत संचालन पर हर हाल में रोक समस्त प्रवर्तन एआरटीओ और यात्री कर अधिकारियों को कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिया गया।जिसके चलते एआरटीओ प्रथम/द्वितीय व यात्रीकर अधिकारियों ने संयुक्त रुप से शहर के कई व्यस्त चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया।इस मौके पर आरटीओ ऋतु सिंह ने स्वयं नेघ एआरटीओ (प्रवर्तन) द्वितीय अयोध्या संदीप चौधरी के साथ चेकिंग कराई। इस दौरान टाण्डा से लखनऊ फुटकर सवारी ढो रही एवं परमिट शर्तों का उल्लघंन कर रही बस को कैण्ट कोतवाली में बन्द कराया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा कोतवाली नगर क्षेत्र में पुष्पराज चौराहे पर टैक्सी स्टैण्ड पर मौजूद वाहनों को समय से टैक्स जमा करने के लिए कहा और वाहनों का चालान किया गया। जिसमें कुल चार वाहनों को फिटनेस समाप्त,बकाया कर, ओवरलोड में बन्द किया गया तथा विभिन्न



अभियोगों में 16 वाहनों का चालान किया गया।वही व्यस्त चौराहों पर आरटीओं की चेकिंग होते देख लोगों ने हेलमेट लगाने शुरू कर दिये। इसके अलावा उनके दिशा निर्देश पर अन्य शहरों के सम्पर्क मार्गों पर हाइवे पर नियमित रूप से खनिज वाहनों की चेकिंग कर एआरटीओ (प्रवर्तन) प्रथम श्री प्रवीण सिंह, यात्रीकर अधिकारी, खुर्शीद अहमद को अयोध्या ओवरलोड, अनाधिकृत संचालन के विरूद्ध कार्यवाही के आदेश दिए।उन्होंने बताया कि मार्च माह में अयोध्या सम्भाग में अब तक 5422 कुल चालान किये गये।

## पेपर मिल लिमिटेड में मशीन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) दर्शन नगर स्थित यश पेपर मिल लिमिटेड में काम करते वक्त मशीन की चपेट में आने से मजदूर घायल हो गया।जहां पर इलाज के दौरान जिला अस्पताल में डॉक्टरो ने मृत घोषित किया।बताते चलें कि सुबह करीब 10:00 बजे 20 वर्षीय मजदूर विकास पाल साफ सफाई का कार्य कर रहा था अज्ञात कारणों से बगल में लगी मशीन में फंस गया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया आनन फानन में मजदूर को जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरो ने मजदूर विकास पाल को मृत घोषित कर दिया।यश पेपर लिमिटेड में ही कार्य कर रहे एक व्यक्ति ने बताया कि पिछले एक महीने से विकास 375 रुपये दिहाड़ी पर साफ सफाई का कार्य करता था।आज सुबह वह सफाई करते वक्त बगल में लगी मशीन की चपेट में आकर घायल हो गया जब उसको जिला अस्पताल लाया गया तो यहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक मजदूर 2 भाई और एक बहन है पिता भी नही है केवल माता जी है घर मे कमाने वाला केवल विकास था हम मांग करते है विकास के घर को आर्थिक रूप से मदद पहुँचे जिससे उसका घर सुचारु रूप से चल सके।

## एक अप्रैल से होगी गेहूं की खरीद

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। एक अप्रैल से शुरू होने वाली गेहूं की सरकारी खरीद को अभी से ग्रहण लगता दिखाई दे रहा है अभी तक तैयारियां पूर्ण नहीं हुई है ना ही किसान अच्छी संख्या में पंजीकरण के लिए आगे आए हैं। जनपद में किसानों के पंजीकरण का आंकड़ा 700 भी अभी तक नहीं पहुंच सका है। जिसका मुख्य कारण बाजार में गेहूं का बढ़ा हुआ दाम है। इसे लेकर विभागीय अधिकारी भी परेशान है बता दें कि पिछले वर्ष तहसील क्षेत्र में 1लाख 44000 हजार कुंटल का लक्ष्य शासन ने निर्धारित किया था निर्धारित तिथि 15 जून तक पूरे तहसील क्षेत्र के 14 क्रय केंद्रों पर मात्र 70 हजार कुंतल गेहूं की खरीद हो पाई थी। लक्ष्य पूरा ना होने के चलते शासन ने गेहूं की खरीद के लिए 15 दिन और बढ़ाया था मगर केंद्रों पर फिर भी गेहूं लेकर किसान नहीं पहुंचे थे। वहीं शासन के निर्देश पर इस बार भी पूरे तहसील क्षेत्र में बारून बाजार, खंडासा, मिल्कीपुर, शुकुलपुर, खजूरी घरेहटा ,राजौरा,अमानीगंज,रौतावा, जगदीशपुर,बोडेपुर सहित 16 क्रय केंद्र खोलने की तैयारी विभिन्न एजेंसियों ने कर रखी है। लेकिन अभी तक गेहूं खरीद का लक्ष्य नहीं निर्धारित है मगर 1 अप्रैल से क्रय केंद्र खोलने की तैयारी का दावा किया जा रहा है। गेहूं की खरीद को लेकर किसान का कहना है कि क्रय केंद्रों पर गेहूं बेचने में बड़ी दिक्कत होती है, पहले पंजीकरण कराना पड़ता है समय से पंजीकरण भी नहीं होता जिसके चलते गेहूं बिक्री में भी बड़ी परेशानी होती है अगर नंबर आ भी जाए तो फिर पंखा लगाना कटौती देना लेबर का खर्चा मिलाकर बहुत झंझट होता है।ऐसे में गल्ला व्यापारी ही बेहतर है वे अपना वहां लेकर गांव तक आते हैं और बिना कटौती के क्रय केंद्रों से अच्छे रेट में गेहूं व अन्य फसलों की खरीदारी कर लेते हैं । विपणन निरीक्षक मिल्कीपुर आनंद महेश आनंद ने बताया कि सभी क्रय केंद्रों पर बोरी पहुंचा दिए गए हैं। तैयारियां पूर्ण है कल से गेहूं की खरीद की जाएगी जब उनसे पूछा गया गेहूं खरीद का लक्ष्य क्या है तो उन्होंने बताया अभी तक कोई लक्ष्य नहीं आया है।

## पशुओं के अंतिम संस्कार की तैयारी : पंचायतों में लगेंगे पशु शव उत्सर्जन संयंत्र

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले में विभिन्न कारणों से प्रतिदिन पशुओं की मौत होती है। पशु पालकों की और से शव को जमीन में गड्ढा खोदकर दफना दिया जाता है, लेकिन कई बार गड्ढे की गहराई कम होने के कारण कुत्ते या अन्य जानवर पशु के शव को निकाल लेते थे।इसे लेकर पंचायतों में उत्सर्जन यंत्र लगाए जाने की तैयारी की जा रही है।हालांकि यह आदेश निकाय और पंचायत दोनों के लिए आया है। अभी इस पर कवायद नहीं शुरू की गई है। जारी आदेश के तहत मृत पशुओं का अंतिम संस्कार जिम्मेदार अधिकारियों की देखरेख में किया जाएगा। इसके साथ ही यदि पशु मालिक खुद अंतिम संस्कार करता है तो ऐसी स्थिति में उसे नगर निकाय व पंचायत अधिकारियों को इसकी जानकारी देनी होगी।बता दें कि अभी तक पशुओं की मौत की स्थिति में पशुपालक ही उन्हें गड्ढा खोदकर दफन करा देते थे। वहीं बेसहारा पशुओं की मौत के बाद कई बार शव कई दिनों तक खुले में पड़े रह जाते थे, जिसके चलते संक्रमण फैलने के साथ ही लोगों को बदबू का भी सामना करना पड़ता था। अब इस समस्या से निजात दिलाने के लिए शासन ने पशु शव उत्सर्जन संयंत्र स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए जमीन की तलाश और आवश्यक इंतजाम में जिम्मेदार जुटे हैं।पशु शव उत्सर्जन संयंत्र स्थापित करने के लिए शासन का निर्देश मिला है। इस संबंध में दमन प्रीत अरोड़ा, जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि जमीन की तलाश कराई जा रही है।नियमानुसार पशुओं का अंतिम संस्कार कराने के निर्देश दिए हैं। खुले में पशुओं के शव न फेंके जाएं, इसके लिए निर्देशित किया गया है।

## बुलेटिन में वर्षा नहीं होने की जताई गई थी संभावना लेकिन सुबह हुई झमाझम बारिश : अन्नदाता मायूस

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार। गरज चमक के साथ मौसम में अचानक परिवर्तन हो जाने के चलते मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में सुबह से हो रही बेमौसम बरसात ने किसानों की कमर तोड़ डाली। इस बारिश के कारण एक तरफ जहां आम लोगों को गर्मी से निजात मिली है, मौसम सुहाना हो गया है, वहीं दूसरी ओर बारिश के बाद खेतों में पड़ी रबी फसल भींग जाने के बाद किसानों के चेहरे पर मायूसी छा गई है। इस दौरान खेत में मड़ाई के लिए रखा गया चना, मसूर, सरसों व मटर सहित अन्य तरह की फसले भींग कर बर्बाद हो गयी, फिलहाल दोपहर 11:00 बजे के बाद से मौसम तो साफ हो गया लेकिन किसानों का अच्छा खासा नुकसान कर गया।4 दिन पूर्व हुई तेज हवाओ के साथ मूसलाधार बरसात एवं ओले गिरने से किसानों की फसल भीग गई थी, भीगी फसल को किसी तरीके से किसानों ने सुखा कर मड़ाई के लिए तैयार किया था, आज शुक्रवार की सुबह हुई बारिश से फसल पुनः भीग गई, गेहूं की तो फसल अभी कुछ लेट है ,लेकिन वह भी तेज हवा एवं बारिश के कारण सब खेतों में पलट गई। किसान रामकुमार, त्रिवेणी, राम निहाल, देव प्रकाश मौर्य, बलजीत आदि का कहना है कि जो फसल बारिश में भींग गया है, उसमें अब फफूंदी लग जाने से काला हो जाने की चिंता सताने लगी है। इतनी मेहनत कर रबी फसल को तैयार किया जाता है , बेमौसम बारिश में फसल भीग जाने के बाद अब उसे सुखाने में कम से कम एक सप्ताह लगेगा। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक सीता राम मिश्र ने 30 मार्च को अपना मौसम बुलेटिन जारी किया था जिसमें बताया था कि आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में बादल छाए रहेंगे वर्षा होने की संभावना नहीं है। लेकिन 31 मार्च की सुबह से ही तेज हवा के साथ बरसात शुरू हो गई मौसम के आगे मौसम वैज्ञानिक भी हो गए फेल। किसान बोले अब किस पर किया जाए भरोसा। इतना ही नहीं 17 मार्च को विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक सीताराम मिश्र ने अपने मौसमी बुलेटिन में बताया था कि आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने एवं हल्की सी मध्यम वर्षा नहीं होने की संभावना व्यक्त की थी। मजे की बात तो यह रही कि कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय किसान मेले का समापन 18 मार्च को था उसी दिन इंद्रदेव का ऐसा प्रकोप रहा कि झमाझम बारिश के साथ ओले एवं तेज गति हवाओं ने काफी तांडव मचाया जिससे किसानों का भारी नुकसान हुआ। वही कृषि मेले के समापन की रस्म अदायगी विश्वविद्यालय के हाईटेक हाल में करना पड़ा था। विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक सीताराम मिश्रा ने बताया कि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जो वर्षा 31 मार्च दोपहर बाद से 1 अप्रैल दोपहर तक हल्की मध्यम वर्षा होनी की संभावना व्यक्त की थी। लेकिन तेज हवाओं के चलते 6 घंटे पहले सुबह ही बारिश हो गई। हमको सुबह 6:55 पर पूर्वानुमान मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया था की कानपुर, उन्नाव, अमेठी, रायबरेली, लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, बहराइच, गोंडा तथा अयोध्या में हल्की वर्षा होने की संभावना व्यक्त की थी।

## सेवानिवृत्त हुए पीएसी कर्मियों को सेनानायक डॉ मिश्रा ने स्मृति चिन्ह भेंट कर की उज्ज्वल भविष्य की कामना

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मीडिया सेल 36 वी वाहिनी पीएसी बटालियन वाराणसी के मुताबिक वहां पर स्थित 'कान्फ्रेंस हाल' में सेवानिवृत्त हुए पीएसी कर्मियों को सेनानायक डाक्टर राजीव नारायण मिश्र ने एक समारोह में सम्मानित किया।उन्होंने सेवानिवृत्त हुए पीसी पी.सी. दहारी राम, मुख्य आरक्षी लाल बहादुर सिंह, मुख्य आरक्षी हरेन्द्र सिंह तथा कुक दया शंकर पाण्डेय (ऐच्छिक सेवानिवृत्त) को विदाई समारोह में पीएसी परिवार की तरफ से उक्त अधिकारीगण के सराहनीय सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए उत्तम स्वास्थ्य, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई तथा उन्हें प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया।विदाई समारोह में सैन्य सहायक शिव नारायन



यादव, वाहिनी शिविरपाल/ सहायक शिविरपाल विंध्यवासिनी पाण्डेय, सुबेदार सैन्य सहायक गोपाल दूबे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक अप्रैल से सुबह आठ से दो बजे तक खुलेंगे परिषदीय विद्यालय : प्रार्थना के बाद होगा योगाभ्यास

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या बेसिक शिक्षा परिषद सचिव की ओर से जारी आदेश के तहत एक अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र के तहत परिषदीय विद्यालय प्रातः आठ से दो बजे तक संचालित होगें। अभी तक स्कूल प्रातः नौ से तीन बजे तक संचालित हो रहे थे। सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रताप सिंह बघेल की और से जारी आदेश में कहा गया है कि स्कूल के समय में परिवर्तन किया गया है। अब प्रातः नौ से तीन बजे के स्थान पर प्रातः आठ से दो बजे तक खुलेंगे। प्रातः 8 से 8:15 तक प्रार्थना और योगाभ्यास होगा उसके बाद कक्षाएं संचालित होगीं। इसके अलावा अक्टूबर में प्रातः नौ से तीन बजे तक स्कूल संचालित किए जायेगें। गर्मी की छुट्टियां 20 मई से 15 जून और सर्दी की छुट्टियां 31 दिसम्बर से 14 जनवरी तक निर्धारित की गई है।जारी आदेश के तहत निर्धारित अवकाशों के अतिरिक्त अपरिहार्य परिस्थितियों में जिलाधिकारी द्वारा घोषित अवकाश देय होगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाध्यापकों को अवगत कराया गया है।

## समाज कल्याण मंत्री ने क्षेत्रीय कर्मचारियों को वितरित किया लैपटॉप

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या। समाज कल्याण विभाग के समस्त क्षेत्रीय कर्मचारियों को संसाधन युक्त किया जा रहा है, जिससे तकनीकी का प्रयोग कर योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाई जा सके, एवं प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजना से आच्छादित किया जा सके।" उक्त विचार सूबे के समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने व्यक्त किया। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण द्वारा शुक्रवार को अयोध्या में मंडलीय समीक्षा बैठक के दौरान जनपद के विभागीय क्षेत्रीय कर्मचारियों एडीओ, वीडीओ एवं सुपरवाइजर को लैपटॉप वितरित किए गए। विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन एवं पारदर्शिता के दृष्टिगत समस्त क्षेत्रीय कर्मचारियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक क्षेत्रीय कर्मचारियों को लैपटॉप, प्रिंटर,अलमीरा, फर्नीचर, एवं आवश्यक



स्टेशनरी प्रदान की गई है। वर्तमान में विभाग की ऑनलाइन संचालित योजनाओं का नियमित अनुश्रवण, क्रियान्वयन, आवेदन का त्वरित निस्तारण एवं सत्यापन किए जाने हेतु आवश्यक संसाधन लैपटॉप इत्यादि उपलब्ध होने से पात्र व्यक्तियों को समय से लाभ मिल पाएगा एवं छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर उन्हे भी योजना का लाभ प्रदान किए जाने में आसानी होगी।


सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com



**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।